नई ट्रेन रीवा से हड़पसर (पुणे) एवं जबलपुर से रायपुर के लिए उद्घाटन स्पेशल ट्रेन 3 अगस्त को होगी रवाना

जबलपुर । रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और यात्रा को सुगम एवं आरामदायक बनाने तथा साथ ही मध्यप्रदेश के विंध्य एवं महाकौशल क्षेत्र वासियों के लिए महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी को सशक्त करने हेतु रीवा से हड़पसर (पुणे) सुपरफास्ट एवं जबलपुर से रायपुर एक्सप्रेस नयी ट्रेन चलाई गयी है जिसकी उद्घाटन सेवा रविवार 03 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 02152 रीवा – हड़पसर एवं गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर - रायपुर उद्घाटन सेवा विशेष ट्रेन का संचालन किया गया। यह दोनों ट्रेन रविवार को विशेष रूप से उद्घाटन सेवा के रूप में चलाई जा रही है| रीवा - हड़पसर - रीवा की नियमित सेवा 06.08.2025 से रीवा से एवं 07.08.2025 से हड़पसर से और जबलपुर - रायपुर - जबलपुर की नियमित सेवा 05.08.2025 से जबलपुर से एवं 04.08.2025 से रायपुर से चलेगी।

गाड़ी संख्या 02152 रीवा – हड़पसर उद्घाटन विशेष ट्रेन

गाड़ी संख्या 02152 रविवार दिनांक 03 अगस्त, 2025 को सुबह 10:45 बजे रीवा स्टेशन से प्रस्थान कर सतना (11:40 बजे), मैहर (12:11 बजे), कटनी (13:20 बजे), जबलपुर (15:15 बजे), नैनपुर (17:25 बजे), बालाघाट (18:53 बजे), गोंदिया (19:50 बजे), नागपुर (22:20 बजे), वर्धा (23:42 बजे) पहुंचकर अगले दिन बडनेरा (मध्यरात्रि 01:10 बजे), अकोला (02:22 बजे), भुसावल (04:25 बजे), जलगांव (04:55 बजे), मनमाड (07:10 बजे), कोपरगांव (08:15 बजे), अहमदनगर (09:45 बजे), दौंड कॉर्ड लाइन (11:15 बजे) से होते हुए 04 अगस्त 2025 (सोमवार) को दोपहर 13:30 बजे हड़पसर (पुणे) स्टेशन पहुंचेगी।

कोच संरचना :- इस विशेष उद्घाटन ट्रेन में 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी एवं 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 एसएलआरडी, 01 जनरेटरकार के कोच सहित कुल 20 डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर - रायपुर उद्घाटन विशेष ट्रेन

गाड़ी संख्या 01702 रविवार दिनांक 03 अगस्त 2025 को से सुबह 10:45 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर मदनमहल (10:55 बजे), नैनपुर (13:35 बजे), बालाघाट (15:00बजे), गोंदिया (15:50 बजे), डोंगरगढ़ (17:13 बजे), राजनांदगाव (17:40 बजे), दुर्ग (18:40 बजे) पहुँचकर उसी दिन रात 19:30 बजे रायपुर पहुंचेगी।

कोच संरचना :- इस ट्रेन में 01 वातानुकूलित चेयरकार श्रेणी, 04 चेयरकार द्वितीय श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटरकार के कोच सहित कुल 15 कोच होंगे।

स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/267/2025 दिनांक 02.08.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर